
मछलीघर की यात्रा


अलिकी











मछलीघर की यात्रा

अलिकी


STIPE



आज मैं अपनी छोटी बहन और भाई के साथ मछलीघर गया.

जैसे ही हम मछलीघर में अंदर घुसे, मुझे पता चल गया कि हम खूब मौज-मस्ती करेंगे.

मछलीघर मछलियों से भरा हुआ है - और वे सभी जीवित हैं!

कुछ मछलियाँ - और अन्य जलीय जीव - यहीं पैदा हुए थे.

कुछ नमकीन समुद्र और ताजे पानी में रहते थे जिन्हें वहां से इकट्ठा किया गया था.

यहाँ मछलीघर में, वे अपने ही तरह के पानी में, अपने ही प्राकृतिक परिवेश में तैरते हैं.

मैंने बस देखकर ही पता चल गया कि वे कैसे रहते हैं.



हमने ट्रॉपिकल कोरल रीफ से अपना सफर शुरु किया.
वो एक धूप से भरे पानी के अंदर बगीचे की तरह था,
वो चमकीली छोटी मछलियों से भरा हुआ था.
मछलियाँ छिद्रपूर्ण पथरीले कोरल के कोनों और कक्षों में रहती हैं,
छिपती हैं और अपने अंडे देती हैं.




अन्य जीव भी चट्टान पर रहते हैं.
हमने पानी में लहराते हुए सख्त फीतेदार समुद्री पंखे,
भंगुर स्पंज, मुलायम मूंगा और फूल जैसे एनीमोन देखे.
हालांकि वे पौधे जैसे दिखते हैं, लेकिन वे सभी जानवर हैं.

हमने मज़ेदार नामों वाली खूबसूरत मछलियाँ देखीं. कुछ मछलियाँ रंगीन छलावरण से छिपी हुई थीं. अन्य मछलियाँ नहीं बता सकतीं कि वे आ रही हैं या जा रही हैं - और न ही मैं बता सकता था.




बड़ी व्यस्त मछलियाँ थीं जो कभी काम करना बंद नहीं करती थीं. कुछ अपनी लंबी नाक से भोजन को इधर-उधर टटोलती थीं.



चोंच जैसे मजबूत दाँतों वाली तोता मछली अंदर भोजन खोजने के लिए कोरल को तोड़ रही थी.

एक ब्लोफिश सुरक्षा के लिए फूली हुई है, और जॉफिश खुद को रेत में दफना रही है.



हमने मछलियों को दूसरी मछलियों को साफ करते देखा.

क्लाउनफिश, एनीमोन में सुरक्षित रूप से रहती है.

एनीमोन किसी भी दूसरी मछली को डंक मारकर खा सकते हैं.

एक खतरनाक मछली एक चट्टान की तरह दिख रही थी - लेकिन यह किसी अनजान मछली को झपट सकती थी. अन्य मछलियों के जहरीली कांटे थे.

सीहॉर्स







अलग-अलग टैंकों में, हमने सीहॉर्स (समुद्री घोड़ों) को देखा जो तटीय जल में रहते हैं. एक सीहॉर्स मछली की तरह नहीं दिखता या तैरता नहीं है, लेकिन वो एक मछली है. हमने जेलीफ़िश देखी - जो खुले समुद्र से नाज़ुक समुद्री जानवर होते हैं. हमने क्रस्टेशियन - केकड़े और एक झींगा देखे - जो चट्टानों और पत्थरों पर रहते हैं. ऑक्टोपस भी ऐसा ही करता है, जो खुद को छिपाने के लिए रंग बदलता है. यह एक मोलस्क है, जिसका शरीर नरम होता है पर उसकी रीढ़ की हड्डी नहीं होती.





हॉल के नीचे, हमने पेंगुइन देखे - वे मज़ेदार समुद्री पक्षी होते हैं. मेरी बहन ने कहा कि वे सूट पहने हुए छोटे इंसानों की तरह दिखते हैं. पेंगुइन उड़ते नहीं हैं, लेकिन वे तेज़ तैराक होते हैं. हमने उन्हें छोटी मछलियों का पीछा करते देखा, लेकिन वे एक भी पकड़ नहीं पाए.





हम एन्कोवीज़ के पास से गुज़रे, जो एक-दूसरे के करीब तैरना पसंद करते हैं. वहाँ सैकड़ों-सैकड़ों की संख्या में वे एक-दूसरे से सटे हुए थे और कभी न खत्म होने वाले घेरे में घूम रहे थे.



फिर हम विशाल केल्प जंगल में पहुँचे. वो तीन मंजिल ऊँचा था, और जीवन से भरा हुआ था. यहाँ मछलियाँ अपने अंडे देती हैं और केल्प में रहने वाले छोटे जीवों को चरती हैं.

सभी आकार की मछलियाँ लहराते केल्प पौधों के चारों ओर झुंड में घूम रही थीं. सूरज की रोशनी में, सार्डिन के झुंड एक चांदी के बादल की तरह आगे बढ़ रहे थे. नीचे की मछलियाँ रेतीले फर्श को छू रही थीं, और ईल चट्टानों के पीछे सरक रही थीं. वे क्रस्टेशियन, मोलस्क और स्टारफ़िश के साथ ठंडे स्थानों में रहते हैं.



अब मछलियों के भोजन का समय था.

छोटी मछलियाँ भोजन के लिए ऊपर की ओर उछलीं. उनके के भोजन ऊपर से छिड़का गया. तभी, एक गोताखोर एक थैले से बड़ी मछलियों को खिलाने के लिए तैरकर आया. भूखे मुँह खुले और बंद हुए. मैं शार्क के दाँत देख सकता था.

एक मछलीघर में, मछलियों को सावधानीपूर्वक और पर्याप्त मात्रा में खिलाया जाता है, ताकि मछलियां एक-दूसरे को खाने के लिए ललचाएँ नहीं.



प्रकृति में, कई मछलियाँ दूसरी मछलियों को खाती हैं.

अन्य मछलियां प्लैंकटन नामक छोटे तैरते जीवों को खाती हैं.

नीचे की मछलियाँ रेत में कीड़े और केकड़े ढूँढती हैं.

नीचे की कुछ मछलियाँ मैला ढोने वाली होती हैं - वे वही खाती हैं जो दूसरी मछलियाँ गिराती हैं.

गोताखोर ने अपना काम पूरा किया और जाते समय उसने हाथ हिलाया.

फिर हम ऊपर की ओर, मेरे भाई के पसंदीदा हॉल में भागे.

मेरी बहन ने मेरा हाथ पकड़ लिया.

कमरा में अँधेरा था और वो शार्कस से भरा हुआ था!


यह ठंडे खुले समुद्र का हॉल था, जहाँ मछलियों को बड़ा होने के लिए जगह मिलती है.

शार्क बहुत बड़ी थीं और उनमें सभी तरह की शार्क थीं.

जब वे तेज़ी से आगे बढ़ीं, तो मैं यह लगभग भूल ही गया कि वे एक मोटी खिड़की के पीछे थीं.

वहाँ दूसरी बड़ी मछलियाँ भी थीं.

कुछ नीचे की ओर सरक गईं, जहाँ चपटी फ़्लॉन्डर और स्केट्स आधी रेत में दबी हुई थीं.





उसके बाद, हमने टाइड पूल के पास मस्ती की.


टाइड पूल के जीव चट्टानों और समुद्री शैवाल के बीच रहते हैं.

समुद्र तट के किनारे, जहाँ ज्वार बढ़ता और गिरता है.

उन्हें जीने के लिए पानी की ज़रूरत होती है, लेकिन कई जीवों कुछ समय के लिए इसके बिना भी जीवित रह सकते हैं.

हमने स्टारफ़िश पकड़ी, और मैंने वहां केकड़े को छोड़कर लगभग हर जीव को छुआ.







हमने बैट-रे को पकड़ने की कोशिश की, जो अपने उथले पूल में पैनकेक की तरह फिसल रही थी.

रे, शार्क और स्केट्स एकमात्र ऐसी मछलियाँ हैं जिनके शरीर में हड्डियाँ नहीं होती हैं.

उनके पास नरम कार्टिलेज के बने कंकाल होते हैं.



लंच करने के बाद, हम आगे बढ़े.
ट्रॉपिकल वर्षावन में उमस थी.
घने पेड़ों में एक तोता चिल्लाया.



इस गर्म, धुंधले वातावरण में जीव-जंतु पनपते हैं. वास्तव में, दुनिया की आधी वन्यजीव प्रजातियाँ वर्षा वनों में रहती हैं. हमने छोटे-छोटे नियॉन टेट्रा, पाकु और रेज़र-शार्प दांतों वाले पिरान्हा देखे. हमने पक्षियों और छिपकलियों, साँपों, कछुओं और मेंढकों को भी देखा.



इसके बाद हमने पर्च और मूंछ वाली कैटफ़िश और सभी प्रकार की उन मछलियों को देखा जो ताजे पानी में रहती हैं. वे झीलों, नदियों, दलदलों और धाराओं में प्रचुर मात्रा में रहती हैं.

कछुए और अन्य सरीसृप पत्तेदार आवास साझा करते हैं. एक तैरता हुआ मगरमच्छ गंदे पानी से बाहर झांक रहा था. सरीसृपों को जीने के लिए हवा और पानी दोनों की ज़रूरत होती है.

तटीय धारा प्रदर्शनी में, हमने यात्रा करने वाली मछलियाँ देखीं. वे ताजे और खारे पानी में रहती हैं, और समुद्र की ओर जाने वाली अर्ध-नमकीन तटीय धाराओं में रहती हैं.





सैल्मन और ट्राउट समुद्री जीव हैं.


सैल्मन ज़्यादातर समुद्र में रहते हैं, और कई ट्राउट भी.

लेकिन हर साल, ये मछलियाँ अपने अंडे देने के लिए मीठे पानी के तालों में जाती हैं.

उन्हें वहाँ पहुँचने के लिए धाराओं के विपरीत तैरना पड़ता है.



समुद्र तट पर समुद्री पक्षी ज्वार के साथ दौड़ रहे थे.
कुछ ने अपनी लंबी चोंच गीली रेत में घुसा दी थी.
वे किनारे पर सीप-बिखरे खाने के साथ-साथ कुछ और भी तलाश रहे थे.



ऊपर की छत से, हम खाड़ी में रहने वाले समुद्री स्तनधारियों को देख सकते थे.

दोस्ताना समुद्री ऊदबिलाव समुद्री अर्चिन, केकड़ों और क्लैम पर भोजन करते हुए मस्ती कर रहे थे और तैर रहे थे. उनके पीछे, चिकनी सील अपनी चट्टानों पर पंख फड़फड़ा रही थीं.


फिर सबसे बड़ा उपहार आया - डॉल्फ़िन और बेलुगा व्हेल. उन्होंने क्या धूम मचाई! वे उछलीं और उन्होंने गोते लगाए, सीटी बजाई और छप-छप की, अपने बड़े नए पूल में दिखावा किया.




डॉल्फ़िन और बेलुगा ने मुस्कुराते हुए देखा,

और ऐसा करते समय उनके छोटे-छोटे दांत दिखाई दिए.

हमारे जाने से पहले, एक बेलुगा अलविदा कहने के लिए हमारे पास आया.





यह कितना बढ़िया दिन था.

ज़रा सोचिए. हम ज्वार के तालाबों, तटीय धाराओं, कोरल रीफ्स, गहरे समुद्रों और उछलती नदियों में थे.

और हमने केवल अपने हाथ गीले किए!

इस पुस्तक में सभी जीवित चीजें उन लोगों द्वारा खतरे में हैं जो पृथ्वी को प्रदूषित करते हैं, कूड़ा-कचरा फैलाते हैं और नष्ट करते हैं.

• हर साल, हजारों समुद्री जीव प्लास्टिक के कचरे से मारे जाते हैं - कंटेनर, बैग और गुब्बारे - जो समुद्र तटों और पानी में फैले रहते हैं.

इस सारे कूड़े को रिसाइकिल किया जा सकता है.

• हर दिन, पेंट, तेल, गैसोलीन और रसायन हवा में छिड़के जाते हैं और फिर पानी में फैल जाते हैं.

ऐसा एक गैलन 750,000 गैलन पानी को प्रदूषित करता है - और उसमें मौजूद जीवों को खतरे में डालता है.

ये जहर हवा को भी प्रदूषित करते हैं.

उन्होंने हमारे मौसम को बदल दिया है और हमारी ओजोन परत को भी नष्ट कर रहे हैं.

• हर दिन, शिकारी जानवरों को उनके दाँत, खाल या खेल के लिए मारते हैं.

• हर दिन, सौ से ज़्यादा वन्यजीव प्रजातियाँ विलुप्त हो जाती हैं.

• हर सेकंड, एक एकड़ ट्रॉपिकल वर्षावन भूमि और पेड़ों के लिए नष्ट हो जाता है.

हर सेकंड, लोग और वन्यजीव बेघर हो जाते हैं, और कई जीव मर जाते हैं.

हम इन चीजों को बदलने में मदद कर सकते हैं. कई समूह इस बदल को लाने की कोशिश कर रहे हैं.

उनसे जुड़ें. याद रखें, यह हमारी दुनिया भी है.